आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 13.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने आज कलेक्टर—एसपी कॉन्फ्रेंस में कहा कि बस्तर संभाग में स्थापित किए गए सुरक्षा कैंप की छवि, लोगों में सुविधा कैम्प के रूप में होनी चाहिए।

2— सूचना और प्रसारण मंत्री ने आज आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू करने के साथ ही संशोधित न्यूज ऑन एआईआर ऐप भी जारी किया।

3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़—मौके से बड़ी मात्रा में माओवादियों का सामान बरामद—क्रॉस फायरिंग में एक महिला घायल।

4— रायपुर और भिलाई नगर निगम में सौ से डेढ़ सौ टन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

कलेक्टर एसपी—कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बस्तर संभाग में नक्सली समस्या को नियंत्रित करने के लिए स्थापित किए गए सुरक्षा कैंप की छवि, लोगों में सुविधा कैम्प के रूप में होनी चाहिए। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कलेक्टर—एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। श्री साय ने पुलिस अधीक्षकों से कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखना चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री ने योजनाओं को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी जिले में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं को प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरूरत है। कलेक्टर इस बात का ध्यान रखें कि इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो और पूरी पारदर्शिता के साथ योजनाएं लोगों तक पहुंचे। नागरिकों का काम समय—सीमा के भीतर होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएमएफ फंड की राशि का पहले काफी दुरूपयोग हुआ है। अब अगर ऐसा हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा। साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को समय पर पारिश्रमिक का भुगतान करने और उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

अनुराग ठाकुर—प्रसार भारती

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू कीं। श्री ठाकुर ने संशोधित न्यूज ऑन एआईआर ऐप भी जारी किया। उन्होंने प्रसार भारती प्रसारण के लिए साझा ऑडियो विजुअल—शब्द भी जारी किया।

इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देकर सभी लोगों तक जानकारी पहुंचाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न

भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज ऑन एआईआर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है।

पीएससी–आयोग

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की तर्ज पर पारदर्शी बनाने के संबंध में सुझाव देने के लिए आयोग गठित कर दिया गया है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार जोशी इसके अध्यक्ष बनाए गए हैं।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार यह आयोग परीक्षा आयोजन का वार्षिक कैलेंडर बनाने और परीक्षार्थियों में आयोग के प्रति विश्वसनीयता बनाने के लिए भी सुझाव देगा।

कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र

रायपुर और भिलाई नगर निगम में सौ से डेढ़ सौ टन प्रतिदिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में आज रायपुर में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर और भिलाई नगर निगम तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के बीच एक समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य में इन दो संयंत्रों की स्थापना के लिए लगभग सौ करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

राज्य खेल अलंकरण

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा कल राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य खेल अलंकरण से नवाजा जाएगा। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे। इन पुरस्कारों में शहीद राजीव पाण्डे, शहीद कौशल यादव, वीर हनुमान सिंह, शहीद पंकज विक्रम, शहीद विनोद चौबे पुरस्कार और मुख्यमंत्री ट्रॉफी शामिल है।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में बोड़गा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों ने मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी साहित्य और माओवादियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है। सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में कुछ माओवादियों के घायल होने का दावा किया है।

मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम बोड़गा, ताकीलोड और उसपरी गांव की ओर निकली थी। इसी दौरान बोड़गा के जंगलों में माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद माओवादी वहां से भाग खड़े हुए। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में एक स्थानीय महिला को गोली लगी है, जिसे भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने घटना की

पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घायल महिला के साथ उन्हीं के ब्लड ग्रुप वाले जवानों को भी भेजा गया है। साथ ही पीड़ित परिवार की सहायता के लिए पुलिस बल रवाना किया गया।

## माओवादी गिरफ्तार

जशपुर पुलिस ने झारखंड जनमुक्ति परिषद के एरिया कमांडर माओवादी और उसके पांच सहयोगियों को कुनकुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि इनके पास से एके–फोर्टी सेवन, कारतूस, मैग्जीन और माओवादी वर्दी बरामद की गई है। इन पर बलरामपुर और झारखंड के विभिन्न जिलों में मुठभेड़, हत्या, आगजनी, अपहरण सहित इकतीस से अधिक मामले दर्ज हैं।

## बीजापुर पोटाकेबिन–मामला

बीजापुर जिले में पोटाकेबिन की बारहवीं की छात्रा द्वारा एक बच्चे को जन्म देने के मामले में कलेक्टर ने आश्रम अधीक्षिका अंजू मिंज को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गंगालूर आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा को पेट दर्द की शिकायत के बाद बीती रात गंगालूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके गर्भवती होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल पोटाकेबिन पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन–सुविधा

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस का स्टॉपेज कल से लखनऊ रेल मण्डल के लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन पर भी दिया है। यह सुविधा प्रायोगिक तौर पर आगामी छह महीने के लिए दी जाएगी।

वहीं, कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और अमृतसर–बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टॉपेज उत्तरप्रदेश के धौर्रा रेलवे स्टेशन पर दिया जा रहा है।

इस बीच, रेलवे द्वारा होली पर्व को ध्यान में रखते हुए दो सुपरफास्ट ट्रेनों को एक फेरे के लिए चलाने का निर्णय लिया गया है। जो दुर्ग–छपरा और दुर्ग–पटना के बीच चलाई जायेगी। दुर्ग–छपरा ट्रेन दुर्ग से बाईस मार्च को रवाना होगी। वहीं, छपरा से यह ट्रेन छब्बीस मार्च को दुर्ग के लिए छूटेगी। इसी तरह, दुर्ग–पटना होली स्पेशल ट्रेन पटना से तेईस मार्च को रवाना होगी। इन दोनों स्पेशल ट्रेन में कुल तेईस कोच हैं।

## घोड़ा हमला–महिला मौत

कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र में घोड़े के हमले में एक महिला की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शादी में शामिल होने के बाद घर वापस जा रही थी। इसी दौरान घोड़े ने उस पर हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार

– राज्य शासन ने आईपीएस अधिकारी राहुल भगत को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ–साथ सुशासन और अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

– राज्य सरकार ने प्रदेश में चार नये मेडिकल कॉलेज के लिए एक हजार दो सौ चौबीस करोड़ रूपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। ये मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर–चांपा, मनेन्द्रगढ़ और गीदम में खोले जाएंगे।

– मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन किए और देश की जनता की खुशहाली की कामना की। वे चंद्रगिरी तीर्थ भी पहुंचे और आचार्य विद्यासागर महाराज जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

– भारतीय थल सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में चयनित छत्तीसगढ़ के एक हजार तीन सौ चार युवाओं को कल रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम उपमुख्यमत्री विजय शर्मा सम्मानित करेंगे।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के प्रवास के दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की।

– जांजगीर–चांपा जिले के मदनपुरगढ़ गांव में चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है।

– जांजगीर के कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>